## मनरेगा कर्मी 18 जुलाई से हड़ताल पर, प्रखंड कार्यालय में वीरानी

# कर्मियों की हड़ताल से योजनाओं पर पड़ रहा असर

**आशिष टैगोर। लातेहार**

स्थायीकरण और वेतनमान की मांग को लेकर मनरेगा कर्मी बीते 18 जुलाई से सांकेतिक हड़ताल पर हैं. मांगें नहीं पूरी होने पर मनरेगा कर्मी आगामी 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे.

मनरेगा के सभी विंग अर्थात प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक रोजगार सेवक हड़ताल पर हैं. इनके कार्यालयों में ताला लटक रहा है. ग्रामीण तो कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा है. हड़ताल के कारण प्रखंड कार्यालय मे वीरानी छायी है.

### सक्रिय श्रमिकों की संख्या 140144, 28956 योजनाएं लंबित



सांकेतिक हड़ताल में शामिल मनरेगा कर्मियों ने की सभा .

**रहीं प्रभावित :** वर्तमान में लातेहार जिले में 28956 योजनाएं संचालित होती हैं. जबकि जिले में सक्रिय मजूदरों की संख्या 140144 है. मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में चले जाने से मनरेगा की योजनाओं के अबुआ आवास योजना, कूप योजना, वीर पोटो हो खेल मैदान योजना समेत कई योजानएं प्रभावित हो रही है.

शनिवार को भी कई जिलों में डिमांड शून्य रही. अबुआ आवास योजना में मनरेगा मजदूरों से काम कराया जाता है. कर्मियों की हड़ताल से यह काम भी नहीं हो पा रहा है. अभी कहीं भी पौधारोपण का कार्य नहीं हुआ है. हड़ताल से यह कार्य भी प्रभावित हो रहा है. बता दें कि मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से मजदूरों का डिमांड नहीं लग पा रहा है. मापी पुस्तिका का संधारण नहीं हो पाने के कारण मजदूरी भुगतान भी प्रभावित हो रहा है. पूर्ण योजनाओं की जांच नहीं हो पा रही है.

### सरकार वादाखिलाफी कर रही : मो. मेराजु हक

झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ, लातेहार के जिला अध्यक्ष मो मेराजुल हक ने कहा कि सरकार मनरेगा कर्मियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है. सरकार 17 वर्षों से मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम कर रही है. मनरेगा कर्मी लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं. लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है. यहां तक की पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान संविदा संवाद कार्यक्रम में हेमंत सोरेन ने मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने का वादा खुले मंच में किया था. लेकिन इन पांच सालों में भी वायदा को पूरा नहीं किया. उन्होंने कहा कि संघ की प्रमुख मांग मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने और मिलने वाले मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करना शामिल है.

### जिले में हैं 153 मनरेगा कर्मी

इस सांकेतिक हड़ताल में जिले के 153 मनरेगा कर्मी शामिल हैं. इनमें से 108 ग्राम रोजगार सेवक, छह कंप्यूटर सहायक, सात लेखापाल, आठ सहायक अभियंता, 19 कनीय अभियंता और पांच प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन 22 जुलाई को

**लातेहार।** विभिन्न मांगों को ले कर भारतीय जनता पार्टी, गारू मंडल कमेटी के तत्वावधान में 22 जुलाई को गारू प्रखंड कार्यालय के समक्ष जन आक्रोश धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा. धरना में सरयु प्रखंड को लातेहार अनुमंडल में शामिल करने, सरयु प्रखंड का अंचल सरयु में करने, सरयु और गारू प्रखंड को जोड़ने वाली करवाई पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने एवं गारू के सभी पंचायत व गांवों में बिजली सेवा बहाल करने की मांग की जायेगी. इस जन आक्रोश धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की गयी है.

### अपराधियों ने सांसद प्रतिनिधि पर की फायरिंग

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बसना पंचायत स्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रतिनिधि पंकज तिवारी के ऊपर शुक्रवार रात्रि नौ बजे अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की .जिसमें वे बाल-बाल बच गये. बताया जा रहा है कि सांसद प्रतिनिधि अपने घर के पास टहल रहे थे. इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने लक्ष्य कर तीन फायरिंग किया. जिसमें वे बाल-बाल बच गये. इसकी जानकारी नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दी गई. सूचना पाकर थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग का खोखा बरामद किया.

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर(पलामू )।** छतरपुर थानाक्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने बिहार के औरंगाबाद से आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सात जुलाई को एक नाबालिग किशोरी को बिहार औरंगाबाद के युवक ने भगा कर अपने साथ ले गया था. इस मामले में नाबालिग किशोरी के परिजनों ने छतरपुर थाना में मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक विजय कुमार को उसके गांव थाना बारुण, जिला औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है. कागजी कार्रवाई करे उसे जेल भेज दिया है.

### सुदेश महतो आज पलामू में, करेंगे बैठक

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व



उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो पलामू जिला विधान सभा की समीक्षात्मक बैठक करेंगे. इस को लेकर शनिवार को आजसू पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व की बैठक केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में की गई. छतरपुर व हुसेनाबाद के कार्यक्रम व स्वागत कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई. बैठक में केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, इंतियाज अहमद नजमी, विकेश शुक्ला, बिजय मेहता, बबलू गुप्ता, संतन मेहता आदि ने अपने अपने विचार रखे. अगामी झारखंड विधान सभा चुनाव गढ़वा व पलामू से सुदेश कुमार महतो आगाज करेंगे.

### मंत्री ने प्राचार्य को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर के भगड़ा गांव निवासी गर्ल्स हाई स्कूल गढ़वा के स्वनिवृत प्राचार्य रियाज अहमद को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने एक समारोह में सम्मानित किया. श्री रियाज अहमद साहित्य से भी वास्ता रखते हैं. साहित्य से जुड़ी गतिविधियों में वह हमेशा विभिन्न कार्यक्रमों में भी भाग लेते हैं.

## बैठकों का दौर शुरू, जल्द सबकुछ ठीक कर लेने की चल रही कवायद

# पलामू में अवैध खनन मामले में ईडी और सीबीआई की इंट्री तय

**खास बातें**

- खनन करनेवालों से लेकर अधिकारियों तक में हड़कंप
- दुरुस्त किये जा रहे हैं खनन से संबंधित सभी कागजात

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

पलामू प्रमंडल क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के मुद्दे पर हाईकोर्ट में दायर सामाजिक कार्यकर्ता पंकज यादव की जनहित याचिका पर बीते मंगलवार को सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने अवैध खनन की जांच करने के लिए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है . प्रार्थी के वकील राजीव कुमार ने बताया कि 20 अगस्त को केस की अगली तारीख है . इस तिथि को संभवतः ईडी की ओर से जवाब आ जाएगा कि वे आगे क्या करने वाले हैं . राजीव कुमार ने कहा कि अब कार्रवाई तय माना जाना चाहिए .

इसके बाद खनन करने वालों से लेकर संबद्ध अधिकारियों तक में हड़कंप मच गया है और अब पलामू में ईडी की इंट्री तय मानी जा रही है . इसे लेकर खनन करने वालों से लेकर संबद्ध अधिकारियों तक में हड़कंप मच गया है . जल्दी जल्दी सबकुछ ठीक कर लेने की कवायद शुरू हो गयी है . सूत्रों के मुताबिक खनन विभाग ने लीज धारकों को चालू वर्ष के जनवरी माह में खनन के अंतर को लेकर अधिकतर लीज धारकों को जो पत्र जारी किया था, उसमें फाइन वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी है . जो लीज धारक निर्धारित से अधिक इलाके में खनन करवा चुके थे, वे उसे पत्थर के धूल और मिट्टी से भरवा रहे हैं . खनन से संबद्ध सभी कागजात दुरुस्त किये जा रहे हैं शनिवार को लंबे अरसे बाद मेदिनीनगर एसडीओ की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई . बैठक में एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा . इसे रोकने को लेकर उन्होंने सभी पदाधिकारियों से उनके सुझाव मांगे . सभी से इस वर्ष खनन से जुड़े कुल दर्ज किये गये एफआईआर की कॉपी की भी मांग की . सभी से कहा कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है इससे जुड़े प्रमाण पत्र देना होगा . यह प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को देना होगा . उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, संबंधित मुखिया यह प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है . इसके अलावे अगर कहीं माइनिंग हुआ तो उसपर क्या कार्रवाई की गयी इसका प्रतिवेदन भी देना होगा . शहरी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों पर सीसीए के माध्यम से कार्रवाई करने पर बल दिया गया . उन्होंने सभी से डंप लाइसेंस के माध्यम से हो रहे अवैध खनन पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही . यह भी कहा कि थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें . अवैध बालू के कारोबार पर भी रोक लगायें .



खनन टास्क फोर्स की बैठक में एसडीएम व अन्य.

### अवैध खनन नहीं हो रहा है,देना होगा प्रमाण पत्र

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से कहा कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है इससे जुड़े प्रमाण पत्र देना होगा,यह प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को देना होगा .उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, संबंधित मुखिया यह प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है .इसके अलावे अगर कहीं माइनिंग हुआ तो उसपर क्या कार्रवाई की गयी इसका प्रतिवेदन भी देना होगा .शहरी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों पर सीसीए के माध्यम से कार्रवाई करने पर बल दिया गया .उन्होंने सभी से डंप लाइसेंस के माध्यम से हो रहे अवैध खनन पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही गयी.

### दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ वारंट जारी

**लातेहार।** सदर थाना में पदस्थापित सअनि नागेश्वर महतो एवं चिंटू कुमार के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत द्वारा शिकायत वाद संख्या 14/2024 में जमानतीय वारंट जारी किया है. न्यायालय द्वारा सम्मन जारी करने के बाद दोनो पुलिस कर्मी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए तो दोनो के खिलाफ वारंट जारी किया गया है. जिला मुख्यालय के बानपुर निवासी प्रशांत उपाध्याय ने दोनो पुलिसकर्मी के विरुद्ध थाना चौक में हेलमेट चेकिंग के दौरान मारपीट करने एवं हाजत में बंद करने को लेकर शिकायत वाद दर्ज कराया था. जिसमे न्यायालय द्वारा इस मामले मे संज्ञान लेते हुए सम्मन जारी किया गया था. प्रशांत उपाध्याय की ओर से अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने अदालत मे पक्ष रखा.

### जिप के सैरातों की निविदा प्रकाशित करें

**लातेहार।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप



विकास आयुक्त से पत्राचार कर जिला परिषद के सभी सैरातों की बंदोबस्ती के लिए निविदा प्रकाशित करने का आग्रह किया है. उन्होंने अपने पत्र में कहा कि बिना निविदा प्रकाशित किये पुराने निविदाकर्ताओं का अवधि विस्तार करना जहां एक ओर वित्तीय अनियमितता है वहीं दूसरी ओर इससे जिला परिषद को राजस्व की क्षति हो रही है. उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में जिला परिषद लातेहार के किसी भी सैरात की बंदोबस्ती के लिए निविदा नहीं निकाली गई है.

## बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा ऑटो पलटकर खाई में गिरा

**संवाददाता । हुसैनाबाद (पलामू)**

जिले के हैदरनगर प्रखंड के संतोषडीह नहर पुल के समीप एक ऑटो पलटने से दर्जन भर स्कूली बच्चे और एक महिला घायल हो गये हैं . घायलों का इलाज हैदरनगर में ही चल रहा है . घटना के बाद ऑटो ड्राइवर ऑटो छोड़ कर फरार हो गया है. स्थानीय लोगों और पंचायत जनप्रतिनिधियों ने घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया. घायलों बच्चों में नीतीश कुमार, रोहित कुमार,रोशन कुमार, परी कुमारी, आदित्या कुमारी, अभिषेक कुमार, लक्की कुमार, प्रतीक कुमार, परी कुमारी 2 के अलावा एक महिला भी शामिल हैं. अन्य बच्चों को उनके अभिभावक घर लेकर चले गए हैं . सभी घायल बच्चों की अवस्था 8 से 12 वर्ष के बीच है . घटना का कारण ओवरलोडिंग बताया जा रहा है . एक ही ऑटो पर 15-16 लोग सवार थे . काफी वजह के कारण ऑटो एक पुल पर की चढ़ाई नहीं चढ़ सका और ढलकर नहर की खाई में गिर गया .दुर्घटनाग्रस्त ऑटो पर सजवान, सलेमपुर, चाचरिया, खरगड़ा आदि गांव के स्कूली बच्चे थे जिन्हें लेकर ऑटो हैदरनगर के माली मोहल्ला स्थित पीएस पब्लिक स्कूल ले जा रहा था. घटना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी क्लीनिक पर पहुंचे बच्चों के अभिभावकों में स्कूल प्रबंधन के प्रति काफी गुस्सा और नाराजगी है . घटना के एक घंटे बाद तक भी पुलिस अस्पताल या घटनास्थल पर नहीं पहुंची .



अस्पताल में इलाजरत बच्चे.

### फाइलेरिया रोधी कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अगामी 10 से 25 अगस्त 2024 तक चलने वाले फ़ाइलेरिया रोधी एमडीएआईडीए कार्यक्रम की सफलता के लिए अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई, बैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान सभी को फ़ाइलेरिया की डीइसी, आईवर मैक्टिन और अल्बेंडाजोल की दवा खिलाया जायेगा जिसमें 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं दी जाएगी, एसडीओ ने बताया गया कि दवा का सेवन पूर्ण रूप से सुरक्षित है .बैठक में प्रमुख राजकुमारी देवी, उपप्रमुख इंदु देवी, बीडीओ सह सीडीपीओ रौशन कुमार, डा -दीपक सिन्हा, डा प्रसीद नारायण सिंह, डा विकास गुप्ता, डा मंजूर आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी आदि शामिल थे.

## कूप निर्माण में भुगतान नहीं होने की वजह से हो रही परेशानी

**संवाददाता । लातेहार**

जिले में मनरेगा के तहत बनाये जा रहे कूप निर्माण में भुगतान नही होने से लाभुको की स्थिति दयनीय हो गई. कूप निर्माण का कार्य 70 से 80 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है. अभी तो मानसून की कमी के कारण बरसात नही हो रही है. लेकिन बरसात होने लगी तो कुंआ धंस सकता है. लाभुकों द्वारा किसी तरह कुआं का कार्य पूर्ण कराने की जुगत लगाया जा रहा है. बावजूद इसके राशि का भुगतान नहीं हो रहा है. सदर प्रखंड के 18 पंचायत में कुल 432 कुआं की स्वीकृति मिली है. जिसे पूरा कराने के लिए राज्य सरकार ने अंतिम किस्त के रूप मे 50 हजार रुपया सीधे लाभुकों के खाता में भेजने का निर्णय लिया है. इसी के आलोक में लाभुकों के खाता मे राशि का भुगतान करना है. जबकि उक्त राशि राज्य सरकार द्वारा एक माह पहले ही जिला को उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि लाभुकों के खाता मे भेज कर कुआं का कार्य पूरा कराया जा सके.



अधूरा पड़ा कुंआ.

## न्यूज अपडेट

### पीड़ित परिजनों ने मुआवजा के लिए सौंपा ज्ञापन


**पांकी (पलामू)।** पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुंदरी में चार दिन पूर्व सड़क हादसा हो गया था. हादसे के बाद उग्र भीड़ ने पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी और जेपीएस बस चालक संयोगी राम को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था. गंभीर रूप से घायल चालक को रांची के हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां वह जिंदगी व मौत के बीच जंग लड़ रहा था. लेकिन शुक्रवार को जिंदगी से जंग हार गया. आज शनिवार को बसडिहा सोनरे नदी घाट पर संजोगी राम का अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम संस्कार करने के बाद पीड़ित परिजनों ने 10 लाख मुआवजा, सरकारी नौकरी सहित कई मांगों को लेकर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा.



मुआवजा के लिए ज्ञापन सौंपते परिजन.

### लातेहार : कलस्टर स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल, झारखंड जोन-1 का कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 22 जुलाई से जिला स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जायेगा. इस आशय की जानकारी बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने दी. उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुशील कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार व लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज सिंह भाग लेगें. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता जिला स्टेडियम, लातेहार में प्रातः आठ बजे से प्रारंभ होगी. इस प्रतियोगिता में झारखंड के आठ डीएवी विद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं.



### कौशल प्रशिक्षण के लिए 57 प्रशिक्षणार्थी रवाना

**मेदिनीनगर।** जेएसएलपीएस अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए विभिन्न ट्रेडों के 57 प्रशिक्षणार्थी को शनिवार को जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.सभी प्रशिक्षणार्थी को जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा योजना संबंधित जानाकारी दी गई. प्रशिक्षणार्थी रांची,जमशेदपुर, धनबाद व रायपुर में स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे.प्रशिक्षण में इन्हें विभिन्न ट्रेड जैसे सिलाई, सहायक नर्स, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर,गोदाम परिचालक,दो पहिया वाहन परिचालन आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग लेकर अपना स्वरोजगार कर सके साथ ही संबंधित रोजगार में कुशल होकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें.मौके पर जिला समन्वयक संदीप मिश्रा, मोबिलाइजर्स समेत अन्य उपस्थित थे.

### शेड में बीमार पड़ा था बुजुर्ग, अस्पताल पहुंचाया


**चंदवा (लातेहार)।** शहर के बाजार टांड़ के एक शेड में एक बुजुर्ग व्यक्ति बीमार हालत में पड़ा था. यह देख कर स्थानीय युवक मो शाहिद ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया. शाहिद ने बताया कि उस व्यक्ति का नाम प्रसाद साव है और वह आन गांव का रहने वाला है. आर्थिक तंगी में अपना जीवन गुजर बसर कर रहा है. वह अपनी आर्थिक तंगी और अज्ञानता के कारण अपना इलाज करवाने के लिए अस्पताल न जाकर चंदवा क्षेत्र के हरैया में लगने वाले साप्ताहिक शुक्रवार बाजार में आया था. यहां नीम हकीम मरीजों का इलाज किया करते हैं. शाहिद नें मानवता का परिचय देते हुए 108 एम्बुलेंस बुलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है.



शेड में बीमार हालत में पड़ा बुजुर्ग.

### बोदा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चंदवा ( लातेहार)।** प्रखंड के बोदा ग्राम में शनिवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया. प्रतियोगिता का उदघाटन झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, मुखिया ललीता देवी, पंसस सुशीला टोपनो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, पंसस अयुब खान, मो महबूब अंसारी व सेराज अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर फुटबॉल कीक कर किया. इससे पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. प्रतियोगिता के प्रारंभ में राष्ट्रगान गाया गया. उद्घाटन मैच लोहरदगा बनाम नगर के बीच खेला गया. निर्धारित समय में किसी भी टीम ने गोल ने किया. पेनाल्टी शूट में नगर की टीम 2-1 से विजयी रही. दूसरा मैच लोहरदगा बनाम जगराहा के बीच मैच खेला गया. जगराहा टीम एक गोल से विजयी रही.



मंच में उपस्थित अतिथि.

### 24 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखायेंगे दम

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला गतका संघ के खिलाड़ी राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू एक्सप्रेस से धनबाद के लिए रवाना हुए. मौके पर गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि विगत तीन वर्षो से पलामू जिला में गतका संघ चल रहा है . इस संगठन के माध्यम से पलामू के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया, एस. जी. एफ. आई में शामिल हो कर पलामू जिले को पदक दिलवाने का काम किया है. मौके पर मौजूद गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन ने बताया कि संत मरियम स्कूल से आर्यन राज पांडेय, अतुल सिंह, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, सनी कुमार शामिल हुए हैं . जबकि गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल से आयुष यादव, सत्यम सिंह, पीहू रानी, कुहू बस्के, अनुभव कुमार, धनंजय कुमार, चांदनी कुमारी, तथा ओरिएंट पब्लिक स्कूल के रिशु राज दांगी, अनामिका मेहता, ऋतिक राज तिवारी, उमंग दुबे, और द कराटे एकेडमी से काजल कुमारी, ज्योति कुमारी, तमन्ना मेहता, काजल सिंह, अर्पित राज, प्रियांशु कुमार, सत्यम ठाकुर शामिल हुए हैं . ये सभी खिलाड़ी भाग लेने के लिए धनबाद रवाना हो चुके हैं .



प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले खिलाड़ी.

**लापरवाही**

## प्रधानाध्यापिका ने नहीं खुलवाया विद्यालय, झेलनी पड़ी परेशानी

# प्रशिक्षण में आए आईसीटी इंस्ट्रक्टर घंटों गेट पर खड़े रहे

**संवाददाता । हुसैनाबाद(पलामू)**

राज्य सरकार द्वारा संचालित सरकारी विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा देने के लिए विद्यालयों में आईसीटी लैब लगाया है. जेईपीसी के आदेशानुसार सभी इंस्ट्रक्टरों को पांच फेज में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इसके लिए ज़िला शिक्षा पदाधिकारी पलामू ने एक पत्र जारी करते हुए सभी प्रधानाधापक/ प्रधानाध्यापिका को आईसीटी प्रशिक्षण में सहयोग करने आदेश दिया है.

प्रत्येक वृहस्पतिवार से शनिवार तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है.जिसके लिए जिले में अलग अलग जगहों पर ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए हैं.

शनिवार को आईसीटी ट्रेनिंग सेंटर बालिका मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में प्रशिक्षण दिया जाना था जिसके लिए आईसीटी इंस्ट्रक्टर अपने निर्धारित समय पर प्रातः 9 बजे बालिका मध्य विद्यालय हुसैनाबाद पहुंचे और लगभग 11 बजे तक विद्यालय का गेट खुलने का इंतेजार करते रहे लेकिन प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने ज़िला शिक्षा पदाधिकारी पलामू व अन्य उच्चाधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए विद्यालय का गेट नहीं खुलवाया.जिसके कारण आईसीटी इंस्ट्रक्टरों का प्रशिक्षण बाधित हुआ.जिसकी सूचना आईसीटी के पलामू डिस्ट्रिक्ट को- ऑर्डिनेटर उज्ज्वल कुमार एवम एसडीपीओ पलामू उदय कुमार को दी गई. इसके बाद भी विद्यालय के गेट का ताला नहीं खुला. प्रधानाध्यापिका की इस तानाशाही रवैए से आईसीटी इंस्ट्रक्टर एवम विद्यालय के अन्य शिक्षक आक्रोषित हैं. कुछ समय बाद मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद एवम आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रमोद मेहता ने वैकल्पिक व्यवस्था कर अपने विद्यालय का गेट खुलवाया एवं आईसीटी इंस्ट्रक्टरों को प्रशिक्षण दिया गया एवम लेवल 4 का एसेसमेंट लिया गया. मौके पर आईसीटी प्रशिक्षक प्रफुल कुमार प्रियदर्शी, मनोहर विश्वकर्मा, रवि कुमार कुशवाहा, प्रमोद मेहता, अजय कुमार यादव, जितेन्द्र कुमार, राजू कुमार, मो. नदीम अंसारी, राकेश कुमार शर्मा, मनीष कुमार, वंदना कुमारी, रूपम कुमारी रंजन कुमार, मनीष रुद्रा सहित कई आईसीटी इंस्ट्रक्टर मौजूद रहे.



गेट खुलने का इंतजार करते इंस्ट्रक्टर व अन्य.

## बस जलाने, उपद्रव मचाने के आरोप में 10 गिरफ्तार

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

डालटनगंज-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर 15 जुलाई को सड़क पर उपद्रव करने, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जलाने तथा अन्य आरोपों में लेस्लीगंज थाना पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव निवासी अजय कुमार(21) पिता शिव कुमार यादव, भोला यादव(38) पिता स्व. बुधन यादव, धर्मेन्द्र शर्मा(38) पिता बैजनाथ शर्मा, अमन कुमार उर्फ लकी मेहता(19) पिता शैलेन्द्र कुमार महतो, संदीप साव(28) पिता रामजी साव, रवि यादव(34) पिता सुदामा यादव, सुरेन्द्र पाल(39) पिता मुनी पाल, विकास कुमार साव(26) पिता श्यामलाल साव, रणविजय मेहता(29) पिता- नन्दलाल महतो, प्रमोद मोची(45) पिता हुसैनी मोची शामिल हैं. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि 15 जुलाई को लेस्लीगंज थाना अन्तर्गत कुन्दरी गांव में जेपीएस नामक बस के चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुए ओमप्रकाश नामक व्यक्ति को चपेट में लिया था तथा बस चालक द्वारा से ऑटो को भी टक्कर मार दी गई थी. इस दुर्घटना में ओमप्रकाश नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद की प्रतिक्रिया में कुन्दरी गाँव के करीब 500-600 व्यक्ति सड़क पर उतर आये थे और बस में आग लगा दी थी. सभी लोगों ने सड़क जाम करते हुए विधि-व्यवस्था को भंग किया तथा बस चालक को उग्र भीड़ द्वारा बेरहमी से रॉड, लाठी-डंडे व पत्थर से मारकर अधमरा कर दिया था. उन्होंने बताया कि इस घटना के विरुद्ध अंचल कार्यालय, लेस्लीगंज के मजिस्ट्रेट के लिखित आवेदन के आधार पर कुन्दरी गांव के 20 नामजद व 500 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना कांड सं0- 82/2024 दिनांक- 17.07.2024 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 189 (4) /189 (5)/ 190/ 191 (2)/ 191(3) /125/ 126/ 127/ 115(2)/ 109/ 132/ 117(2) 285/ 221/ 324(5)/ 324(6)/ 326 एवं डैमेज तो पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट-1984 की धारा-3(2)(5) के तहत दर्ज किया गया था. कांड के अनुसंधान के दौरान घटना में शामिल कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल से मजदूरों के रोजगार पर आफत

# हड़ताल से योजनाएं प्रभावित, मजदूर घरों में बैठे

हुसैन अंसारी। लोहरदगा

जिले में कार्यरत मनरेगा कर्मी अपनी मांगों को लेकर 18 जुलाई से जिला मुख्यालय पर सांकेतिक हड़ताल पर बैठे हुए हैं. मनरेगा कर्मी अल्प मानदेय में वृद्धि, पक्की नौकरी और अन्य मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल पर डटे हुए है. लोहरदगा जिला मनरेगा कर्मचारी संघ द्वारा सांकेतिक हड़ताल पर चले जाने से जिले में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ा है. यहां पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सात सहायक अभियंता,छह कनीय अभियंता, 12 लेखा सहायक, छह कम्प्यूटर सहायक सात कुल ग्राम रोजगार 65 कार्यरत हैं. बता दें कि लोहरदगा जिला में कुल 103 मनरेगा कर्मी कार्यरत हैं. जिनका सरकार से शिकायत है कि इन्हें विगत 17 वर्षों से अल्प मानदेय में काम लिया जाता है और दूसरे राज्यों की तुलना झारखंड प्रदेश में कार्यरत मनरेगा कर्मियों को कार्य के अनुरूप सम्मान जनक मानदेय नहीं दी जाती है.



मनरेगा कर्मचारी संघ समाहरणालय के समक्ष सांकेतिक हड़ताल पर बैठे हुए.

**12 हजार में मात्र तीन हजार कर्मी रहे काम पर :** जानकारी के मुताबिक लोहरदगा जिला में विगत 18 जुलाई से पहले लगभग 12 से 14 हजार मजदूर मनरेगा योजना के तहत योजनाओं में काम करते थे . मनरेगा कर्मियों के तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर चले जाने से 20 जुलाई को लगभग 2 हजार 945 मजदूर ही योजनाओं में कार्य कर रहे हैं.

**37 सौ में मात्र 803 योजना पर हुए काम :** मनरेगा कर्मियों ने बताया कि लोहरदगा जिला में कार्यरत मनरेगा कर्मियों के नियमित कार्य करने पर लगभग 37 सौ योजना संचालित होती थी, लेकिन बीते तीन दिनों से मनरेगा कर्मियों का सांकेतिक हड़ताल में चले जाने से जिले में अब महज 803 योजना में काम चल रही है.

### हजारों संचालित योजनाएं प्रभावित

लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड में एक हजार 919 योजना संचालित है. इधर कैरो प्रखंड में कुल 1430 योजना में काम चल रहा है. साथ ही किस्को प्रखंड में 2192 और कुड़ु प्रखंड में 3179 एवं लोहरदगा सदर प्रखंड में 2459 योजना संचालित हैं.इसी तरह जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत कुल 12 सौ 84 योजनाएं चलाई जा रही है. वहीं सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुल 27 सौ 56 योजना धरातल पर संचालित है. यहां पर मनरेगा कर्मियों के सांकेतिक हड़ताल पर चले जाने से इन सभी योजनाओं में गति के जगह स्थिरता दिखाई दे रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### बालू खनन पर रोक लगाने के लिए ट्रेंच खोदा गया

**विश्रामपुर (पलामू)।** राजहरा स्टेशन (चेचन्हा) स्थित कोयल नदी से बालू के अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने को लेकर नावाबाजार पुलिस की ओर से एक अनोखी पहल की गई. नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता को अवरुद्ध कर दिया गया. एनजीटी के तहत रोग लगने के बावजूद चोरी छिपे बालू माफिया के द्वारा बालू का अवैध खनन व परिवहन किया जाता था. स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी शिकायत लगातार थाना में की जा रही थी. थाना के द्वारा लगातार इस पर रोक लगाने का प्रयास ठीक किया जाता रहा था. बावजूद बालू माफिया इससे बाज नहीं आ रहे थे.

### लचरागढ़ पंचायत में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** अंचल के लचरागढ़ पंचायत में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया.जिसमें शिविर पर कई तरह के लोगों की समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है साथ ही जमीन में पंजी 2 में सुधार रसीद का अध्यातन करना,आवासीय जाति प्रमाण पत्र का निष्पादन,राजस्व आवेदन का आवेदन से संबंधित आम सभा का आयोजन कर शिविर में निष्पादन किया गया. मौके पर सीओ अनूप कच्छप, अंचल निरीक्षक कमल कांत वर्मा,हल्का पांच का राजस्व उपनिरीक्षक प्रफुल्ल एक्का, हल्का 6 का राजस्व उपनिरीक्षक प्रणय तिर्की,ऑपरेटर सिकंदर महतो,कमीला मिंज उपस्थित रहे.

### प्रतिबंधित मवेशी वध करने के विरोध में केरसई रहा बंद

**केरसई (सिमडेगा)।** सिमडेगा-केरसई में प्रतिबंधित मवेशी हत्या के विरोध में केरसई बंद रहा. लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रहे लोग. स्थानीय लोगों की सूचना पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है . बताया गया कि उनके पास प्रतिबंधित मवेशी का मांस भी बरामद हुआ है. केरसई में प्रतिबंधित मवेशी हत्या मामले में स्थानीय लोगों ने केरसई बाजार व प्रतिष्ठानों को स्वेच्छापूर्वक बंद किया. मौके पर पुलिस बल तैनात है.,ग्रामीणों ने फरार आरोपियों को पकड़ने की प्रशासन से मांग की है.

### बालूमाथ में बाइक दुर्घटना में वृद्ध घायल

**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के बंदरचूंआ में शनिवार को बाइक सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध घायल हो गया. बताया जाता है कि चेताग पंचायत के दिरीदाग निवासी बुधे उरांव (65) अपने पुत्र के साथ एक बाइक में सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहे थे. इसी दौरान बंदरचूंआ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे बाइक में सवार वृद्ध घायल हो गया. आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. चिकित्सक डा अमरनाथ प्रसाद ने उनका प्राथमिक उपचार किया. चिकित्सक ने बताया कि घायल वृद्ध का सिर व पैर सहित शरीर के कई अंगों में चोटें आई है.

### बालूमाथ में सर्पदंश से किशोरी अचेत, रेफर

**बालूमाथ (लातेहार)।** चतरा जिला क्षेत्र के जबडा के नवादा गांव में शनिवार को सर्पदंश से एक किशोरी अचेत हो गई. बताया जाता है कि जबड़ा के नवादा गांव निवासी शीतल कुमारी (14) पिता मिथलेश भुइयां अपने घर में कुछ काम कर रही थी. इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया. जिससे वह अचेत हो गई. उसे आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए शीतल कुमारी को सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया.

## न्यूज अपडेट

### अल्पसंख्यक कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए मोजम्मिल

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग प्रदेश कार्य समिति की बैठक रांची स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक हुई. जिसमें अल्पसंख्यकों की बुनियादी मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया. बैठक में लोहरदगा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष जनाब मोजम्मिल अंसारी शामिल हुए. इस बीच लोहरदगा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने बैठक में लोहरदगा जिला अल्पसंख्यकों की जो मुद्दे है उन मुद्दों को झारखंड प्रदेश प्रभारी जनाब उमेर खान और प्रदेश अध्यक्ष जनाब मंजूर अंसारी के समक्ष रखा. इधर आलाकमान के समक्ष लोहरदगा की समस्यायों को रखते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि जिस तरह से अल्पसंख्यक विभाग चुनाव में तन-मन से काम करते आए हैं. मौके पर जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी,जिला उपाध्यक्ष, कुद्दुस अंसारी, उपाध्यक्ष सेराज अंसारी, उपाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, प्रखंड अध्यक्ष असलम अंसारी, दिलदार अंसारी , असरफ अंसारी राज्य स्तरीय बैठक में शामिल हुए.

### उपायुक्त ने की अनुकंपा समिति की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक की. बैठक में प्रस्तावित कुल तीन मामलों पर विभागवार चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी मामलों को अनुमोदित किया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे.



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त.

### मिलन समारोह में सैकड़ों युवा आजसू में शामिल

**लोहरदगा।** आजसू के प्रधान कार्यालय लोहरदगा में मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की. यहां पर लोहरदगा नगर परिषद अंतर्गत 23 वार्ड से सैकड़ों युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की. इस बीच आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं ने मिलन समारोह में अपने भावनाओं से आजसू पार्टी को अवगत कराया. इनए ऊर्जावान युवाओं ने कहा कि लोहरदगा जिला में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था काफी चरमराई हुई है, इससे आहत हैं और हमें पूरा विश्वास है कि आजसू पार्टी जो एक आंदोलनकारी पार्टी है जो लोहरदगा के समग्र विकास में हम युवाओं को साथ लेकर चल पाएगी.



लोगों का स्वागत करते नेतागण.

### जूनियर चेंबर इंटरनेशनल ने थाना प्रभारी को दो बैरियर सौंपा

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा रांची मुख्य पथ पर सड़क दुघर्टना में कमी लाए जाने के उद्देश्य से भंडरा थाना में शनिवार को जूनियर चेंबर इंटरनेशनल रांची पुरुषोतमपुर झारखंड के सौजन्य से भंडरा थाना अंतर्गत सड़क सुरक्षा हेतु थाना प्रभारी अरविंद सिंह को दो न्यू बैरियर ट्रॉली एवं दो पूरा ट्रॉली को पेंट कराकर सौंपा गया. इस बीच थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने जेसीआई संस्थापक को भंडरा थाना परिवार की ओर से आभार वयक्त किया और कहा कि जूनियर चेंबर इंटरनेशनल रांची पुरूषोत्तमपुर की ओर से जनहित में बैरियर उपलब्ध कराकर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु सराहनीय कार्य किया गया है. उन्होंने कहा कि सामुहिक प्रयास से ही सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है. मौके पर भंडरा थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### आसपा का प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन

**उंटारी रोड(पलामू )।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी में शनिवार को आजाद समाज पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया. कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी सिराज खान मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे. आजाद समाज पार्टी के उंटारी रोड प्रखंड कमेटी के विस्तार में अजय कुमार रवि को अध्यक्ष, बलराम राम को सचिव,सत्यम कुमार को उपाध्यक्ष, बिंदु राम को कोषाध्यक्ष , अर्जुन कुमार को महासचिव,रवि कुमार को मीडिया प्रभारी, मुन्ना कुमार को प्रखंड प्रभारी बनाया गया.प्रखंड कमेटी के विस्तार होने के उपरांत पंचायत कमेटी का भी गठन किया गया . मौके पर मीडिया प्रभारी सनोज कुमार, बिट्टू गौतम, मोजाहिद ख़ान, अजहर ख़ान, जगदीश कुमार, देवनाथ राम, सैलेश रवि सहित कई लोग मौजूद थे.

एक हजार सीट की क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का मंत्री ने किया भूमि पूजन

# गढ़वा के हर प्रखंड में बनेगा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस : मिथिलेश ठाकुर

संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा में लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर इसका भूमि पूजन किया. मौके पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्री ने दीप जलाकर उद्घाटन किया. इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्राओ को बैगपाईपर इंस्ट्रूमेंट प्रदान किया. साथ ही अपने गुरुजनों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास की गाथा में एक और अध्याय जुड़ गया है. यह हाइटेक सर्वसुविधा संपन्न लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि मैं जो ठान लेता हूं, उसे मुकाम पर पहुंचा कर रहता हूं. एकीकृत बिहार के समय से ही गढ़वा जिला एवं गढ़वा विधानसभा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक लगा हुआ था, वह अब धुलने के कगार पर है. आज हर क्षेत्र में गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसका कारण है कि पिछले चुनाव में गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार बनाया है. उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने गढ़वा में एक महिला कॉलेज भी नहीं खुलवाया था. परंतु अब महिला कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है. बहुत जल्द ही पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उद्घाटन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि गढ़वा में अभी कुछ स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है. बहुत जल्द ही सभी प्रखंडों में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा. मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीएसई आकाश कुमार, शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, पीके चौबे, बलराम तिवारी, रेयाज अहमद आदि ने विचार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेन्द्र सिन्हा, डॉ यासिन अंसारी, ब्रजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, नवीन तिवारी, सैयद गुलाम हुसैन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे आदि उपस्थित थे.

**ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप व इंटरनेट की भी होगी बेहतर सुविधा**



पूजा अर्चना कर भूमि पूजन करते मंत्री.

**खास बातें**

- गढ़वा के विकास की गाथा में एक और अध्याय जुड़ गया है
- गुरुजनों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया गया

### लाइब्रेरी में उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं

गढ़वा में निर्मित हो रहे इस हाईटेक लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा. लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं. इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी. तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट के ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 लोगों के बैठने की क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी. ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी. सभी फ्लोर में ब्वॉयज एवं गर्ल्स टॉयलेट होंगे. यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त होगा.

### चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का हो पालन : मुकेश मेहता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** युवा नेता मुकेश मेहता ने कहा की जिले में चौकीदार की बहाली के लिए दो जुलाई को वैकेंसी गई है.लेकिन इसमें अनुसूचित जाति की अनदेखी की गई. बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नही किया गया है. जिस वजह से अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को चौकीदार बहाली में लाभ नही पा रहा है.हेमंत सरकार अनुसूचित जाति के साथ भेद भाव कर रही है यह सरकार अनुसूचित जाति विरोधी है. आगे उन्होंने कहा की सरकार सुनियोजित तरिके से आरक्षण को समाप्त करना चाहती है. उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर पुनः विचार कर अधिसूचना को रद्द कर दोबारा अनुसूचित जाति के आरक्षण के साथ अधिसूचना निकालनी चाहिए जिसे अनुसूचित जाति को लाभ मिल सके.

### गढ़वा समाहरणालय में बनेगा शहीद स्मारक

**गढ़वा।** गढ़वा के नवनिर्मित समाहरणालय परिसर में शहीदों के सम्मान में स्मारक का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया. यहां गढ़वा जिला के शहीद रामप्रीत ठाकुर, आशिश कुमार तिवारी एवं आशिश सिंह का स्मारक बनाया जाएगा. मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, शहीद रामप्रीत ठाकुर की पत्नी सनकलिया कुंअर, पुत्र ब्रजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, शहीद आशिश तिवारी के पिता अरविंद तिवारी, माता, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम आदि शामिल थे.

मतरामेटा गांव में मुहर्रम पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

# आपसी भाईचारे को बरकरार रखने की जरूरत: एनोस एक्का

संवाददाता। सिमडेगा

जिले के मतरामेटा गांव में मुहर्रम के मौके पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के जानिब से अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनोस एक्का,विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर रामानुज वर्मा,थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता, संदेश एक्का, सफीक खान, मो शहजाद, मतियस बागे आदि ने फीता काट कर किया. मौके पर एनोस एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि मुहर्रम का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है.

उन्होंने कहा कि जिला में सर्वधर्म में आपसी भाईचारा के माहौल को भविष्य में भी बरकरार रखने की जरूरत है. एनोस ने सर्वधर्म में एकजुटता को गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बताया. कहा कि मुहर्रम का पर्व सभी समुदाय को आपसी भाईचारा कायम कर मिलजुल कर जीवन व्यतीत करने की सीख देती है. इधर प्रतियोगिता में लोगों ने पारंपरिक अस्त्र शस्त्र से करतब दिखा कर लोगों का मन मोह लिया. कार्यक्रम की समाप्ति के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी अखाड़े को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर चिराग तिर्की, सलमान खान, मो जियाउल, मो तबरेज, वाहेब मियां, सलीम मियां, जाकिर, मुस्तफा, इमरोज, शालीमुदिन, जैनुल, मो जफर सहित कई लोग उपस्थित थे.



कार्यक्रम का उदघाटन करते एनोस एक्का.

लोहरदगा युवा कांग्रेस ने 'चलो पंचायत चलो वार्ड' अभियान की शुरुआत की

# विस चुनाव में युवा कांग्रेस अग्रणी भूमिका : डुंगडुंग

संवाददाता। लोहरदगा

युवा कांग्रेस कमेटी ने जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार एवं प्रखंड किस्को में 'चलो पंचायत चलो वार्ड' अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की गई. बैठक की अध्यक्षता पेशरार जयप्रकाश गुप्ता एवं किस्को प्रखंड अध्यक्ष जसीम अंसारी की संयुक्त रूप से की गई. बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी संदीप कुमार और युवा जिलाध्यक्ष विशाल डूंगडूंग उपस्थित रहे. बैठक में प्रखंड एवं पंचायत कमिटियों की जांच की गई. जिला प्रभारी संदीप कुमार ने कहा की प्रखंड स्तरीय बैठक दो मुख्य उद्देश्य से रखी गई है आज सुदूरवर्ती ब्लॉक पेशरार एवं किस्को से चलो पंचायत चलो वार्ड अभियान की शुरूआत की गई. अभियान से प्रखंड, पंचायत एवं वार्ड के युवा हमारी युवा कांग्रेस की टीम से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे. जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस तैयार है . पंचायत एवं वार्ड स्तर तक कार्यक्रम कर जनता को जागरूक करने का कार्य करेगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की सफलता, लोक कल्याणकारी कार्यों एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा. मौके पर रविंदर सिंह खेरवार, जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, जिला महासचिव कैश आलम, जिला महासचिव,आफताब आलम, फारुख हुसैन, दिलनवाज अंसारी, अनिमा कुजूर, सानू भुइंया, बिगनी कुमारी, हकीम अंसारी,राजा गुप्ता, जियाऊदीन अंसारी, यासीन अंसारी, कैफ आलम, शाहनवाज अंसारी, शोएब अंसारी, हासिम अंसारी, वसीम अंसारी, आफताब अंसारी, अरशद अंसारी, राजा गुप्ता, शोएब नवाज, सैफ अली, अजय उरांव, दसरथ महली, मुन्ना उरांव, दिलीप उरांव,संजय उरांव, जनक प्रजापति, मनोज उरांव,राजेंद्र नगेसिया, सुनेश्वर नगेसिया,उपेंद्र नगेसिया, बसुआ भगत,रामचंद्र भगतआदि उपस्थित थे.




पंचायत चलो वार्ड चलें अभियान की शुरूआत करते युवा कांग्रेस कमेटी.

**आयोजन** इमाम ए हुसैन और हसन के बताए मार्ग पर चले लोग : रऊफ अंसारी

# सेरेंगहातु कर्बला मैदान में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता। लोहरदगा

सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु कर्बला मैदान में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता खेल नुमाइश प्रोग्राम का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में जिले के हिरही, तिगरा, उदरंगी, उगरा, बलसोता, सुरसा, उपर हिसरी, कुरसे, राजा नगर लोहरदगा, झखरा सहित 20 टीमों ने भाग लिया. इधर प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के सदर जनाब रऊफ अंसारी और विशिष्ट अतिथि के तौर पर अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलु, कैरो जिला परिषद सुखदेव उरांव, सेन्हा प्रखंड जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे.

इधर खेल नुमाइश प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोहरदगा अंजुमन के सदर रउफ अंसारी ने कहा कि इमाम ए हुसैन और हसन के बताए मार्ग पर चलकर लोहरदगा जिला के विकास में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा. वहीं शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि लोहरदगा जिला में मुहर्रम त्योहार के उपलक्ष्य पर सेरेंगहातु कर्बला मैदान में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता खेल नुमाइश प्रोग्राम हमें आपसी भाईचारा कायम करने की सिख देती है. उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला का मिसाल है सर्वधर्म में एकजुटता.



अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में प्रतिभा को प्रदर्शित करते खिलाड़ी.

**खेल नुमाइश प्रतियोगिता कार्यक्रम में इन्होंने की शिरकत :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु कर्बला मैदान में आयोजित अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,पंचायत समिति सदस्य तोडार सफरूद्दीन अंसारी,प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी बॉबी भगत, नीरू शांति भगत, लोहरदगा उप प्रमुख दीपिका लकड़ा, जुरिया पंचायत के मुखिया, पूर्व जिला परिषद पेशरार विनोद खेरवार, फिरोज कुरैशी, मोहर्रम कमेटी के सदर इमरान आजाद, सेक्रेटरी गुलाम सरवर, कोषाध्यक्ष इम्तियाज अहमद, मेंबर इश्तियाक अंसारी, नसीम अंसारी, मोकिम अंसारी, मारूफ अंसारी, सद्दाम अंसारी, शाहरुख अंसारी,लाइसेंस धारी सफरूद्दीन अंसारी, लाइसेंस धारी क्यामुद्दीन अंसारी, मंच संचालक मास्टर नजमुद्दीन अंसारी व नौशाद अंसारी, रेफरी इरशाद अंसारी एवं अन्य लोग मौजूद थे.

# आदिवासी लोहरा समाज ने सांसद को समस्याओं से अवगत कराया

संवाददाता। लोहरदगा

आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई के केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा के नेतृत्व में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से शिष्टाचार मुलाकात किया. सांसद सुखदेव भगत से आदिवासी लोहरा समाज के जाति समस्याओं को लेकर बातें रखी. केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा ने बतायाकि लोहार और लोहरा दो अलग-अलग जाती है, परंतु दोनों के खतियान में जाति लोहार दर्ज हो गया है. इस संबंध में टीआरआई ने उत्तर बिहार के पांच जिला और दक्षिण बिहार के पांच जिला में शोध किया गया. इसमें रांची लोहरदगा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला में शोध के दौरान पाया गया कि उत्तर बिहार के लोहार पिछड़ी जाति अनेक चर दो में आते हैं . प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा जिला अध्यक्ष सरस्वती देवी, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष विजय बहादुर लोहरा, किस्को प्रखंड अध्यक्ष रामजीत लोहरा, कैरो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप लोहरा, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष शंकर लोहरा, कृष्ण लोहरा केंद्रीय सचिव लक्ष्मण लोहरा, केंद्रीय सदस्य परमेश्वर लोहरा, रामेश्वर लोहरा आदि लोग शामिल थे.



सांसद से शिष्टाचार भेंट करते लोहरा समाज का प्रतिनिधिमंडल.

शहर से लेकर गांव तक गली-नुक्कड़ से लेकर चौपाल और चाय दुकानों पर चर्चाओं का बाजार गर्म, दावेदारी को लेकर नेता भी ठोक रहे हैं ताल

# विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही नेताओं के नाम की चर्चा तेज

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

झारखंड में तीन माह बाद विधानसभा चुनाव होने की संभावना है. चुनाव का समय नजदीक आने के साथ ही आम लोगों के बीच अपने-अपने विधानसभा से प्रत्याशियों के नाम को लेकर खूब चर्चा हो रही है. गली-नुक्कड़ से लेकर चौपाल और चाय दुकानों पर प्रत्याशियों के नाम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है. कटकमसांडी, कटकमदाग और सदर प्रखंड के लोग मुन्ना सिंह का नाम ले रहे हैं, वहीं महिलाएं शेफाली गुप्ता को अपनी पसंद बता रही हैं. वहीं भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, किशोरी राणा, हर्ष अजमेरा, टुन्नू गोप के नाम की भी खूब चर्चा हो रही है.

## क्या कहती है क्षेत्र की आम जनता

### मुन्ना सिंह क्षेत्र के नेता नहीं बल्कि बेटा हैं, सहयोग करते हैं



सदर प्रखंड क्षेत्र के रहनेवाले राजू कुमार, मनोज कुमार, दिलीप पांडे, मुकेश रजक, मिनहाज आदि ने बताया कि कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह हर वक्त साथ खड़े रहते हैं. चाहे किसी प्रकार की परेशानी हो, या फिर लड़कियों की शादी, बिना कहे सहयोग करने का प्रयास करते हैं. इसके साथ ही पारिवारिक विवाद में भी समझ-बूझ के साथ सुलह समझौता कर घर-परिवार को टूटने से बचाने की हरसंभव कोशिश करते है. लोगों का कहना है मुन्ना सिंह इस क्षेत्र के नेता नहीं, बल्कि बेटा हैं. पार्टी को ऐसे नेता को ही अपना प्रत्याशी बनाना चाहिए.

### महिला को मिले मौका, बेहतर साबित होंगी शेफाली गुप्ता



वहीं शेफाली गुप्ता की बात करें, तो विशेष कर महिलाएं के बीच काफी लोकप्रिय हैं. सदर प्रखंड क्षेत्र की आरती देवी, अंजू देवी, सविता और काजल ने बताया कि शेफाली भाजपा महिला मोर्चा के लिए वर्षों से काम कर रही है. वह पिछले कई वर्षों से जनता के बीच रह कर काम कर रही है और हर वक्त सहयोग करने का प्रयास करती है. क्षेत्र की महिलाओं की मानना है कि एक महिला ही दूसरी महिला के दुख-दर्द को अच्छी तरह समझ सकती है. सदर विधानसभा क्षेत्र में इनकी सक्रियता विधानसभा के लिए दावेदारी को मजबूत करती है.

### प्रवासी मजदूरों के लिए पहल करते रहे हैं किशोरी राणा



कई लोगों ने यह भी बताया कि किशोरी राणा, प्रदीप प्रसाद, भईया अभिमन्यु भी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहते हैं. वह आम लोगों की समस्या सुलझाने में सक्रिय रहते हैं. खेलकूद, महिलाओं का मान-सम्मान या मजदूरों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना, सभी चीजों में किशोरी राणा पहल करते रहते हैं. वह दिल्ली मुंबई मद्रास में काम कर रहे हजारीबाग के प्रवासी मजदूरों से मिलते हैं और उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं. वहीं विदेश में फंसे प्रवासी मजदूरों की वतन वापसी के लिए केंद्र व राज्य सरकार से अनुरोध किया और वह सफल भी हुए.

## क्या कहते हैं नेता

### जनता के लिए हमेशा खड़े रहेंगे : मुन्ना सिंह

मुन्ना सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आम जनता के लिए हमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे. जनता के हर दुख-सुख में परछाई बन कर सहयोग करेंगे. उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से चुनाव जीतते हैं, तो अधूरे पड़े सरकारी भवनों को पूरा करवा कर लोगों को लाभ दिलाएंगे. शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के अलावा किसानों की हर समस्या का निदान करेंगे.

### हजारीबाग से देवघर के लिए ट्रेन चलवाई : शेफाली

शेफाली गुप्ता ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से भाजपा संगठन के लिए काम कर रहे हैं. जनहित में कार्य के लिए हमेशा आगे रहते हैं. उन्होंने कहा कि हजारीबाग के लोगों को देवघर जाने में परेशानी होती थी, इसलिए इस विषय पर पहल की. अब हजारीबाग से देवघर के लिए ट्रेन चलाई गई है. इससे हजारीबाग की जनता को देवघर स्थित बाबा नगरी जाने में काफी सहूलियत होगी.

### 15 वर्षों से मजदूरों की सेवा में तत्पर हैं : किशोरी राणा

किशोरी राणा ने कहा कि विगत 15 वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से मजदूरों की सेवा में तत्पर हैं. चाहे खेल हो या पर्यावरण, इसके लिए भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे हैं. क्षेत्र में कई तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं के प्रोत्साहित करते रहे हैं. वहीं महिलाओं को बढ़ावा मिले, इसके लिए सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण के अलावा एनजीओ से जोड़ कर भी लाभ दिया जाता है.

## ब्रीफ खबरें

### भगहर से अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त

चौपारण। बालू तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने चार ट्रैक्टरों को जब्त किया है. दरअसल, एनजीटी की रोक के बाद बाद भी प्रखंड के विभिन्न नदी घाटों से बालू का अवैध उठाव होने की लगातार शिकायत मिल रही थी. इसी मद्देनजर, चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बीती शुक्रवार की रात छापेमारी कर भगहर से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को पकड़ा. हालांकि, सभी चालक मौके से फरार होने में सफल रहे. थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को चौपारण थाना परिसर में रखा गया है. ट्रैक्टर मालिक की पहचान कर आगे की कारवाई के लिए डीएमओ को पत्राचार किया गया है.

### अंडर -17 बालक व बालिका वर्ग की चयन प्रक्रिया पूरी

हजारीबाग। नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए कर्जन ग्राउंड में अंडर 17 बालक वर्ग के खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई. इसमें 35 खिलाड़ियों का चयन किया गया. इससे पहले 19 जुलाई को बालिका वर्ग की 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया था. बालिका वर्ग का प्रशिक्षण एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों की अंतिम सूची रांची में तैयार होगी. वहीं बालक वर्ग का प्रशिक्षण हजारीबाग स्थित न्यू स्टेडियम मे 10 दिनों तक होगा तथा अंतिम सूची भी तैयार की जाएगी. अंतिम सूची में शामिल खिलाड़ी, नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ जाएंगे.

### सड़क दुर्घटना में भाई की मौत, बहन गंभीर

चौपारण। प्रखंड के बेढ़ना बारा स्थित शिव मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी. जानकरी के अनुसार चतरा के घटेरी निवासी आरिफ हुसैन अपनी बहन तमन्ना परवीन के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के घर कमलवार गये हुए थे. वापस लौटने के दौरान बेढना बारा में तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गये. इस दुर्घटना में दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गये. इधर, घटना की सूचना पर चौपारण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए चौपारण सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया. वहां ड्यटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांचोरांत युवक को मृत घोषित कर दिया. वहीं, घायल युवती को हजारीबाग रेफर कर दिया गया है.

बीएड कोर्स की फीस एक लाख 70 हजार, पर लिये जाते हैं ढाई लाख

# शहर के बीएड कॉलेजों में चल रहा है अवैध वसूली का खेल

शुभम संदेश पड़ताल

संवाददाता। हजारीबाग



जब से झारखंड सरकार ने शिक्षक की नियुक्ति के लिए बीएड की डिग्री को अनिवार्य कर दिया है, तब से डिग्री लेने के लिए युवाओं में होड़ मची हुई है. इसका फायदा कई बीएड कॉलेज उठा रहे हैं. बीएड कॉलेज के संचालक नामांकन के नाम पर छात्रों से मोटी रकम वसूल रहे हैं और रसीद भी नहीं देते हैं. दरअसल, हजारीबाग में बीएड करने के लिए बिहार झारखंड और यूपी से छात्र आ रहे हैं और वह बिना प्रशिक्षण और क्लास किए डिग्री का प्रमाण पत्र ले रहे हैं.

इन छात्रों को सुलभ रूप से डिग्री उपलब्ध कराने के एवज में बीएड कॉलेज के संचालक मोटी रकम लेते हैं. बता दें कि बीएड की डिग्री लेने के लिए पहले एक साल का कोर्स था, जिसकी फीस 50 से 60 हजार रुपये तक होती थी. बाद में सरकार ने संशोधन करते हुए एक लाख 70 हजार रुपये की फीस में दो साल का बीएड कोर्स तय कर दिया. वहीं, डिग्री लेने वालों को रेगुलर क्लास और प्रशिक्षण को अनिवार्य रखा गया था. लेकिन कॉलेज के संचालक अपनी मोटी कमाई करने के चक्कर में बिना प्रशिक्षण करवाए छात्रों को डिग्री बांट रहे हैं.

**खास बातें**

- कॉलेज के संचालक 60 हजार रुपये लेते हैं डोनेशन
- डोनेशन की रकम की रसीद भी नहीं देते संचालक

### बिना क्लास किये आसानी से मिल जा रही है डिग्री

दूसरे राज्यों के छात्रों की बिना क्लास किये और प्रशिक्षण पाए, आसानी से डिग्री मिल जा रही है. कागज पर ही उनकी पढ़ाई हो जाती है. वहीं, स्थानीय छात्र रेगुलर क्लास करते हैं और केंद्र पर जाकर प्रशिक्षण भी करते हैं. शहर के एक दर्जन से ज्यादा बीएड की पढ़ाई करने वाले छात्रों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हजारीबाग शहर में कई ऐसे बीएड कॉलेज हैं, जहां सीधा नामांकन लिया जा रहा है. इसके लिए वहां के संचालक 60,000 रुपये डोनेशन लेते हैं. दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों को अपने कॉलेज में नामांकन करवाने के लिए कॉलेज संचालकों ने अपने सेटर भी रखे हैं. वहीं, विनोबा भावेल विश्वविद्यालय में भी साठगांठ कर रखी है. संचालक मोटी रकम देने वाले छात्रों को अपने कॉलेज में ही बुलाते हैं और नामांकन लेकर सर्टिफिकेट दे देते हैं.

### कॉलेजों को चिह्नित करने की जिम्मेदारी विभावि की

गौरतलब है कि छात्रों के नामांकन के लिए बीएड कॉलेजों को चिह्नित करने की जिम्मेदारी विनोबा भावे विश्वविद्यालय को दी गई है. विश्वविद्यालय से कोई भी अधिकारी जब कॉलेज के निरीक्षण के लिए जाते हैं, तो संचालक राजा-महाराजा की तरह उनका स्वागत करते हैं. इतनी खातिरदारी होने के बाद साहब भी बिना जांच किए चले आते हैं और फिर कॉलेज के संचालक मनचाही रकम लेकर सीधा अपने ही कॉलेज में छात्रों की नामांकन कर लेते हैं. इसके लिए कॉलेज की फीस के अलावा डोनेशन के नाम पर 60 हजार रुपये अलग से लिए जाते हैं, जिसकी रसीद भी नहीं दी जाती है. अगर कोई छात्र ऑनलाइन फीस भरने की बात कहता है, तो संचालक डिग्री कॉलेज के अकाउंट में पैसा नहीं लेकर अपने किसी संबंधित स्कूल के अकाउंट में पैसे देने की बात कहते हैं.

# घाटी में सड़क सुरक्षा के साइन बोर्ड लगेंगे

## डीटीओ ने चुटूपालू घाटी व पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया

- ब्लैक स्पॉट गंडके मोड़ पर बालू के बैग्स रखने का निर्देश
- वाहन चालकों के बीच जागरूकता से संबंधित पंपलेट बांटे

संवाददाता। रामगढ़



चुटूपालू घाटी का निरीक्षण करतीं रामगढ़ डीटीओ मनीषा वत्स.

चुटूपालू घाटी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने शनिवार को चुटूपालू घाटी व पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया. इस क्रम में अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड़ तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. वहीं टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइन बोर्ड लगाने को कहा गया.

निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी. उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया. इस दौरान वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट और बुकलेट भी बांटे गये. मौके पर हेडक्वार्टर डीएसपी चंदन कुमार वत्स, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक ऋषिकांत, टोल प्लाजा के कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस कर्मी उपस्थित थे.

### लूटपाट की शिकायत

कटकमसांडी। थाना क्षेत्र के ढौठवा निवासी मोख्तार खान ने पेलावल ओपी क्षेत्र के पेलावल निवासी संजीदा खातून सहित आठ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने व दुकान से 11 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है. इस संबंध में कटकमसांडी थाना में आवेदन दिया है. मोख्तार ने बताया है कि घटना बीती 19 जुलाई की है.

### संत कोलंबस के कैडेटों ने लहराया परचम

हजारीबाग। भारतीय थल सैनिक कैंप के मद्देनजर बरौनी में आयोजित इंटर ग्रुप प्रतियोगिता में संत कोलंबस के एनसीसी कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इस कैंप में कुल छह ग्रुप ने भाग लिया था. हजारीबाग ग्रुप के कैडेटों में संत कोलंबस कॉलेज के अंडर ऑफिसर हर्ष कुमार, टेकलाल महतो ,नीतीश कुमार का चयन मैप रीडिंग में हुआ. वहीं, सार्जेंट पुष्पा कुमारी का ओटी एवं पीयूष कुमार का हेल्थ एंड हाइजीन के इवेंट में चयन हुआ. टेकलाल महतो को मैप रीडिंग में बिहार और झारखंड में पहला स्थान मिला. उन्हें एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज ने सम्मानित किया. कैडेटों की इस सफलता पर कॉलेज एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर लेप्टिनेंट डॉ एसके पांडेय ने बधाई दी है.

# लौवाडीह के पास नाले में मिला शव

**खास बातें**

- माइंस के पानी टैंकर के धक्के से हुई अधेड़ की मौत
- टैंकर सवार लोगों ने शव उठा कर नाली में फेंक दिया

संवाददाता। रामगढ़



घटनास्थल के पास मौजूद ग्रामीणों की भीड़.

पतरातू प्रखंड के सूदूरवर्ती गांव लौवाडीह के समीप बीती शुक्रवार की रात नाले में एक अधेड़ का शव मिला. मृतक की पहचान लौवाडीह निवासी टूरा मुंडा के पुत्र जयनाथ मुंडा पिता के रूप में की गयी है. ग्रामीण सिकंदर मुंडा ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे देवंती प्रोजेक्ट के पत्थर माइंस में चलने वाले पानी टैंकर के धक्के से लौवाडीह निवासी जयनाथ मुंडा की मौत हो गयी.

घटना के बाद टैंकर में सवार लोगों ने शव को उठा कर टैंकर में डाल दिया और एक किलोमीटर दूर ले जाकर एक नाले में फेंक दिया. देर शाम जयनाथ के वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. इसी क्रम में घटना स्थल के पास लोगों को जमीन पर खून गिरा देखा. इसके बाद और भी ग्रामीण जुट गए और होकर युवक की तलाश शुरू कर दी. देर रात करीब 11 बजे ग्रामीणों को नाले में युवक का शव दिखायी दिया. शव की खबर मिलने के बाद मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, जिप सदस्य जयराम बेदिया घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली.

इधर, मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख प्रदर्शन किया. वहीं, शव मिलने की सूचना के बाद शनिवार सुबह करीब नौ बजे बरकाकाना पुलिस मौके पर पहुंची. लेकिन, ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने नहीं दिया. ग्रामीण एक स्वर में दोषियों पर कार्रवाई करने, मृतक के आश्रित को मुआवजा देने, भरण-पोषण की व्यवस्था तथा माइंस संचालक द्वारा मुआवजा देने की बात पर अड़े थे. काफी समझाने और आश्वासन देने के बाद ग्रामीण माने. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा

### बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत कार्यशाला आयोजित

रामगढ़। अनामांकित एवं क्षिजित बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने की. इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्वागत भाषन दिया और स्कूल रूआर 2024 से संबंधित जानकारी दी. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने स्कूल रूआर से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया. उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पांच से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना है एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना है. उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन कर विद्यालय से वंचित रह गए बच्चों को विद्यालय लाने हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं. सभी के सामूहिक प्रयास से ही अनामांकित व क्षिजीत बच्चों को विद्यालय में वापस लाया जा सकता है.

बजरंग दल प्रांत प्रमुख ने जिला प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

# महुदी की घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार

- बजरंग दल हर स्थिति से निपटने में सक्षम है : संजय चौबे
- महुदी में रामनवमी नहीं मनी, तो पूरे प्रदेश में करेंगे विरोध

संवाददाता। हजारीबाग



महुदी मामले में अपनी बातें रखते बजरंग दल के प्रांत प्रमुख संजय चौबे.

बजरंग दल के प्रांत प्रमुख संजय चौबे ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि महुदी में लाठी चार्ज और सनातन धर्मावलंबियों की पिटाई के लिए जिला प्रशासन जिम्मेवार है. कहा कि अगर महुदी में रामनवमी नहीं मनेगी, तो संगठन हर स्थिति से निपटने में सक्षम है. उचित न्याय नहीं हुआ, तो आंदोलन नहीं रुकेगा. महुदी में घटित घटना का विरोध अब पूरे प्रदेश में होगा.

गौरतलब हो कि पिछले दिनों बड़कागांव के महुदी में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के उपाध्यक्ष भोला दांगी के नेतृत्व में हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था. इस दौरान प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज कर सभी को खदेड़ दिया गया था. इस घटना में भोला दांगी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण चोटिल हुए थे. इसी घटना की जानकारी लेने के लिए प्रांत प्रमुख संजय चौबे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात की है. प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रमुख मुकेश मालाकार, जिला गोरक्षा प्रमुख अभिनव कुमार, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता, योगेंद्र कुमार, उमेजह गुप्ता, मुकेश कुमार सहित अन्य शामिल थे.

### वर्ष 2018 में दोनों समुदायों ने की थी सद्भावना यात्रा

संजय चौबे ने कहा है कि वर्ष 2018 में दोनों समुदायों के बीच बैठक के बाद प्रशासन ने सद्भावना यात्रा के तहत जुलूस निकालने की अनुमति प्रदान की थी. दोनों समुदाय के द्वारा महुदी मार्ग से तिरंगा झंडा एवं महावीर झंडा के साथ यात्रा निकाली गयी थी. लेकिन, कोरोना महामारी के कारण यह यात्रा रोक दी गई. इसके बाद जिला प्रशासन को रामनवमी झंडा उस मार्ग से सुचारू तरीके से पार करवाना चाहिए था, परंतु प्रशासन विफल रहा. उन्होंने कहा कि महुदी मार्ग से रामनवमी झंडा पार करने की अनुमति नहीं मिलेगी, तो विशेष समुदाय के किसी भी पर्व-त्योहार में निकलने वाली झांकी को पूरे प्रदेश में कहीं भी पार नही होने दिया जाएगा.

पहल सामुदायिक कल्याण का प्रतीक बनती जा रही है एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना

# गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास एनटीपीसी की प्राथमिकता

संवाददाता। केरेडारी



मरीज को कंबल व मच्छरदानी देते एनटीपीसी केरेडारी के पदाधिकारी.

एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना हमेशा से साझेदारी, संरक्षकता और परियोजना प्रभावित लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके समुदायिक विकास के लिए समर्पित रही है. इसके तहत खनन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास सशक्तीकरण के माध्यम से रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना और गावों में बुनियादी सुविधाओं का विकास प्राथमिकता रही है.

पिछले पांच वर्षों में एनटीपीसी की केरेडारी योजना द्वारा स्थानीय समुदायों की सहभागिता से आसपास के खनन क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया गया है. इन पहलों में मासिक मोबाइल मेडिकल कैंप, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हैंडपंप और बोरवेल की स्थापना, गर्मी के मौसम में साफ पेयजल प्रदान करना, जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना, दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरण और निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन शामिल है. इसके अलावा परियोजना प्रभावित लोगों के लिए मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा भी प्रदान की गई है.

**खास बातें**

- स्वास्थ, शिक्षा और कौशल विकास पर दिया जा रहा ध्यान
- खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का किया जाता है आयोजन

### मुफ्त नेत्र जांच शिविर का किया जा रहा आयोजन

सामाजिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एनटीपीसी की केरेडारी परियोजना द्वारा इस साल भी परियोजना प्रभावित गांवों के लोगों में मोतियाबिंद और अन्य बीमारी वाले व्यक्तियों की पहचान की जा रही है. इसके लिए मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह पहल नवभारत जागृति केंद्र, हजारीबाग और एलएनजेपीआई अस्पताल, चौपारण के सहयोग से की जा रही है.

### 22 मरीजों की मोतियाबिंद की सफल सर्जरी हुई

इस योजना में उपयुक्त स्थानों पर छह नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा. इसके बाद चिह्नित मोतियाबिंद रोगियों के आंखों की सर्जरी की जाएगी. इसी कड़ी में विगत 15 जुलाई को बेंगवारी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया था. शिविर में लगभग 120 मरीजों के आंखों की जांच की गई, जिनमें 22 की पहचान कर उनकी सफल सर्जरी की गई है. इन मरीजों को कंबल और मच्छरदानी भी दिये गये.

डीएवी बरकाकाना में दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

# कराटे अंडर 14 वर्ग में डीएवी बरकाकाना की काव्या प्रथम

- 18 से 22 किलो बालिका वर्ग में बरकाकाना की आयशा प्रथम रही

संवाददाता। रामगढ़



मेडल के साथ विजेता छात्राएं.

डीएवी बरकाकाना में क्लस्टर लेवल फोर के तहत शनिवार को दो दिवसीय कराटे, जूडो, उसु, बॉक्सिंग, कुस्ती एवं योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. इसमें डीएवी जोन डी के अंतर्गत आठ विद्यालयों के लगभग 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया. बतौर ऑबजर्बर डीएवी पतरातू के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार ने बच्चों को खेल की शपथ दिलवाई.

पहले दिन के कराटे में अंडर 14 बालिका 18 किलो वर्ग में डीएवी बरकाकाना की काव्या प्रथम और द्वितीय रजरप्पा की प्रतिभा रानी रही. 18 से 22 किलो वर्ग में बरकाकाना की आयशा और 22 से 24 किलो वर्ग में डीएवी बरकाकाना की तृष्णा थापा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं, 24 से 26 किलो वर्ग में डीएवी बरकाकाना की वेदिका अग्रवाल को पहला, 26 से 30 केजी वर्ग में डीएवी पतरातू की अपूर्वा राज को प्रथम, द्वितीय आरा कुजू की रेशमी कुमारी और तृतीय स्थान पर बरकाकाना की मानसी रही.

